राज्यपाल सचिवालय
राजभवन, जयपुर

**बिलोता में कन्या महाविद्यालय और नाथद्वारा में श्री गोवर्द्धन राउमावि के नवीन स्कूल भवन का लोकार्पण**

# सर्वांगीण विकास के लिए गुणवत्तापूर्ण शिक्षा जरूरी – राज्यपाल

जयपुर/राजसमंद 27 सितंबर। महामहिम राज्यपाल श्री कलराज मिश्र और विधानसभा अध्यक्ष डॉ सी पी जोशी ने बुधवार को दो महत्वपूर्ण विकास कार्य जनता को सुपुर्द किए। उन्होंने नाथद्वारा में श्री गोवर्द्धन राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय के नवीन भवन एवं बिलोता में सुखाडिया विवि के राजकीय कन्या महाविद्यालय के नवीन भवन का लोकार्पण किया।

कार्यक्रमों में सहकारिता मंत्री एवं प्रभारी मंत्री उदयलाल आंजना, शिक्षा मंत्री डॉ बी डी कल्ला, सांसद दिया कुमारी और मिराज समूह के अध्यक्ष मदन पालीवाल आदि उपस्थित रहे।

इससे पहले राज्यपाल श्री मिश्र ने भगवान श्रीनाथजी के दर्शन किए। उन्होंने देश प्रदेश की खुशहाल की कामना की।

नाथद्वारा में श्री गोवर्द्धन राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय को सौ साल पूर्ण होने पर नवीन भवन का लोकार्पण करते हुए राज्यपाल ने कहा कि विद्यालय की शताब्दी के अवसर पर यहां उपस्थित होकर वह गौरवान्वित है। उन्होंने बच्चों से अध्ययन और खेलकूद दोनों गतिविधियों को साथ–साथ जारी रख जीवन में आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि इस विद्यालय का इतिहास जानकर बहुत खुशी हुई है। उन्होंने नई शिक्षा नीति की मंशा एवं विद्यार्थियों को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में अपने विचार व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि विद्यालय सूरज की तरह रोशनी प्रदान करने वाले स्थल होते हैं। राज्यपाल ने कहा कि जीवन में खेलकूद का बहुत महत्वपूर्ण स्थान है। खेलकूद से ही बच्चों का शारीरिक और मानसिक विकास होता है।

विधानसभा अध्यक्ष डॉ सी पी जोशी ने कहा कि वह छठी कक्षा से 11वीं कक्षा तक इसी स्कूल में पढ़े। उन्हें अपने अध्यापकों के नाम आज तक याद है। उन्होंने अपने अध्यापकों देवी सिंह चारण, रघुनाथ, हरगोविंद सहित अन्य का नाम मंच से लेते हुए उन्हें याद करते हुए कहा कि अध्यापकों का उनके जीवन में योगदान महत्वपूर्ण है। डॉ जोशी ने तिलकायत परिवार द्वारा स्कूल के लिए किए गए कार्यों को याद किया। डॉ जोशी ने कहा कि विद्यालयों के भवन सुंदर और सुदृढ़ होने चाहिए। उन्होंने कहा कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा बहुत जरूरी है और यही एक समाज की नींव है।

उन्होंने अंग्रेजी की शिक्षा पर जोर दिया और कहा कि आज के युग में तरक्की के लिए अंग्रेजी का ज्ञान होना बहुत जरूरी है। इसी मौके पर उन्होंने विधायक मद से इस विद्यालय में 50 लाख रुपए की लागत से अंग्रेजी लिंग्विस्टिक लैब स्थापित करने की भी घोषणा की।

शिक्षा मंत्री डॉ बी डी कल्ला ने कहा कि राज्य में आईसीटी क्लासेस को लेकर अभूतपूर्व कार्य हुआ है। 24000 विद्यालयों में आईसीटी क्लास की स्थापना हुई है। उन्होंने डॉ जोशी के आग्रह पर अंग्रेजी साहित्य एवं म्यूजिक की कक्षाएं शुरू करने की भी मंच से घोषणा कीएम। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सहकारिता मंत्री उदयलाल आंजना ने कहा कि राजसमंद निरंतर नए–नए विकास कार्यों की कहानी लिख रहा है।

इस मौके पर विद्यालय में सहयोग करने वाले भामाशाहों मिराज ग्रुप के चेयरमैन मदन पालीवाल, गंगानगर निवासी श्रीमती बिश्नोई, आईएफएम फाउंडेशन के मोहित, सुदर्शन टेक्सटाइल्स के रामलाल कुमावत, शिक्षक रवींद्र कुमार, चौतन्य दीप उपाध्याय आदि को सम्मानित किया गया।

बिलोता में किया गर्ल्स कॉलेज के नवीन भवन का लोकार्पण

राज्यपाल श्री कलराज मिश्र और विधानसभा अध्यक्ष डॉ सी पी जोशी ने अंत में बिलोता में मोहनलाल सुखाडिया विश्वविद्यालय के अधीन निर्मित राजकीय कन्या महाविद्यालय के नवीन भवन का लोकार्पण किया।

राज्यपाल ने इस अवसर पर बालिका शिक्षा को समाज के लिए महत्वपूर्ण बताते हुए इसके लिए सबको मिलकर कार्य करने का आह्वान किया।

राज्यपाल ने कहा कि किसी विश्वविद्यालय द्वारा इस तरह का यह पहला प्रयास सराहनीय है। इस कन्या महाविद्यालय को देश का उत्कृष्ट शिक्षा केंद्र बनाने के लिए प्रयास करें। उन्होंने कहा कि नाथद्वारा देश की सबसे बड़ी वैष्णव पीठ है। यहां की संस्कृति, पिच्छवाई कला और मोलेला शिल्प के साथ स्थानीय परंपराओं के शोध का यह बड़ा केंद्र बने।

विधानसभा अध्यक्ष डॉ जोशी ने कहा कि क्षेत्र में बालिका शिक्षा को प्रोत्साहित करने के लिए वे निरंतर प्रतिबद्ध हैं। सहकारिता मंत्री उदयलाल आंजना ने नाथद्वारा क्षेत्र में हुए विकास कार्यों की सराहना की। सांसद दिया कुमारी ने भी महिलाओं के शिक्षा के माध्यम से जीवन में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।

————